



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 217 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 24 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## मंदसौर में रोहिंग्या मुसलमानों पर...

# सरकार का फोकस



### जिले में सर्वे होगा, आतंकी गतिविधियों को लेकर पहले भी जारी हो चुका है अलर्ट

**मंदसौर, 23 मई गुरु एक्सप्रेस।** राजस्थान सीमा से सटे मंदसौर जिले को लेकर समय-समय पर सरकार सुरक्षा के दृष्टीकोण से कई दिशा निर्देश जारी कर चुकी है। श्री पशुपतिनाथ और गांधी सागर डेम को लेकर आतंकवादी गतिविधियो की आशंका के चलते सरकार ने कुछ साल पहले अलर्ट जारी कर दिशा निर्देश दिए थे। अब भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर मंदसौर को लेकर सरकार फोकस कर रही है। मामला है रोहिंग्या मुसलमानों का। जिसको लेकर सरकार की मंदसौर पर नजर है। बता दे कि प्रदेश के कई जिलों से प्रतिबंधित संगठन के सदस्य और आईएसआई एजेंट पकड़े जा चुके हैं। इसी के तहत प्रदेश पुलिस और राज्य की खुफियां एजेंसियां रोहिंग्या मुसलमानों का सर्वे करेगी। इस संबंध में गृह मंत्रालय से आदेश भी जारी किया जा चुका है। इन जिलों में मंदसौर भी शामिल है।

**मंदसौर सहित इन आठ जिलों पर फोकस...**

जानकारी के मुताबिक प्रदेश के आठ जिले मंदसौर के सहित ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, रतलाम, खरगोन, जबलपुर और श्योपुर में सर्वे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां प्रवासीय जनसंख्या अधिक निवास करती है। इसलिए इन्हें अधिक संवेदनशील क्षेत्रों की सूची में शामिल किया गया है। वहीं इन जिलों से कई आईएसआई एजेंट पहले भी पकड़े जा चुके हैं।

**अवैध प्रवासियों की होगी वापसी...**

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश और म्यांमार के अवैध प्रवासियों को खोज कर रोहिंग्या मुसलमानों को वापस भेजने की कवायद तेज कर दी है। इसी के तहत अन्य राज्यों सहित मध्यप्रदेश को भी विभाग की ओर से पत्र भेजा गया है। सर्वे के संबंध में पुलिस के इंटेलिजेंस विभाग ने पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वर्चुअल बैठक की।

**सर्वे की खास बातें...**

**✻ जहां प्रवासी अधिक हैं वहां डोर-टू-डोर सर्वे होगा। ✻ चिन्हित इलाकों में सभी के दस्तावेजों की जांच की जाएगी। ✻ सर्वे के दौरान मिले संदिग्धों की जांच होगी। ✻ दुसरे राज्यों से आए लोगों के दस्तावेज की जांच होगी। ✻ उनके मूल पते की वेरिफिकेशन और फिंगरप्रिंट लिए जाएंगे।**

## दूल्हे ने सगाई में लौटाए 5.21 लाख रुपए, स्वीकार किया केवल 01 रुपया और नारियल

नीमच, 23 मई गुरु एक्सप्रेस। जिले के सिंगोली में दहेज प्रथा के खिलाफ अनूठी पहल सामने आई है। अम्बा ठिकाने गांव में आयोजित सगाई समारोह में दूल्हे पक्ष ने दहेज की राशि लौटा दी। अम्बा ठिकाने के ठाकुर दलपत सिंह के पौत्र देवांश सिंह की सगाई आंकली ठिकाने की कन्या से हुई। लड़की पक्ष ने परंपरागत टीके में 5.21 लाख रुपए भेंट किए। दूल्हे के पिता कुंवर सिद्धार्थ सिंह शक्तावत ने यह राशि तुरंत वापस कर दी। उन्होंने शगुन के रूप में केवल एक रुपया और नारियल स्वीकार किया।



करणी सेना के सदस्य पुष्पराज सिंह शक्तावत ने यह जानकारी दी। समारोह में मौजूद राजपूत समाज के लोगों ने इस कदम की सराहना की। उनका कहना है कि यह पहल दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा देगी। इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। दहेज से जुड़ी सामाजिक समस्याएं कम होंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख राजपूत ठिकानों के लोग शामिल हुए। इनमें ठाकुर देवराज सिंह शक्तावत, ठाकुर गुलाब सिंह राठौड़, ठाकुर भेरू सिंह हाड़ा, ठाकुर गजेंद्र सिंह और ठाकुर लाखन सिंह चौहान प्रमुख थे। क्षेत्र में शक्तावत परिवार की इस पहल की सराहना हो रही है। इसे समाज सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## छोटे स्कूलो को पांच रूपए में मिलेगा बिजली कनेक्शन

**भोपाल, 23 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अब छोटे सरकारी स्कूलों, दफ्तरों, उपक्रमों, आंगनवाड़ियो समेत अन्य सरकारी विभागों को 05 रुपए में नया बिजली कनेक्शन देने की तैयारी कर रही है। इसमें वे ऐसे सरकारी और सिद्ध सरकारी दफ्तर शामिल हो सकते हैं, जिनमें एलटी कनेक्शन की जरूरत होगी।

इस बारे में गुरुवार को निर्णय भी लिया गया था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे टाल दिया है। कंपनी के दायरे में आने वाले भोपाल सहित 16 जिलों के शासकीय, अर्धशासकीय विभागों तथा निगम मंडलों को एलटी कनेक्शन दिए जा सकते हैं।



### रेलवे : नीमच-रतलाम के बीच डबल लाईन कार्य...

## रेलवे ने लिया पांच घंटे का मेगा ब्लॉक, चार ट्रेनें होगी प्रभावित

**रतलाम, 23 मई गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम रेल मंडल के नीमच-रतलाम स्टेशन के बीच डबल लाईन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। डबल रेल लाइन कार्य के लिये 25 मई को ढोढर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ने 05 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया है। इस कारण इस रूट से गुजरने वाली 04 ट्रेनें प्रभावित होगी। उज्जैन-चित्तौड़गढ़ मेमू रतलाम तक ही चलेगी। रतलाम से चित्तौड़गढ़ के बीच कैंसिल रहेगी।

**तीन बंद रहेगी रेल फाटक...**

नीमच-रतलाम डबल लाईन कार्य के तहत समपार फाटकों, रोड अंडर ब्रिजों का भी चौड़ीकरण करने के साथ रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जावरा-ढोढर सेक्शन में रेल फाटक (समपार) संख्यां 175 से रेलवे लाइन के विस्तार के लिए तीन दिन के लिए ब्लॉक लिया है। इस कारण 23 मई की सुबह 09 बजे से 26 मई सुबह 9 बजे तक उक्त रेल फाटक से सड़क यातायात बंद रहेगा। इस मार्ग का उपयोग करने वाले वैकल्पिक मार्ग के रूप में रोड अंडर ब्रिज संख्या 409 ए का उपयोग कर सकते हैं।

**यह ट्रेनें होगी प्रभावित...**

✻ उज्जैन से चलने वाली गाड़ी संख्या 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ मेमू रतलाम स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। रतलाम से चितौड़गढ़ के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ चित्तोड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 69232 चित्तौड़गढ़ - उज्जैन मेमू रतलाम स्टेशन से शॉर्ट ऑरिजिनेट होगी। चितौडग़ढ़ से रतलाम के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ रतलाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम-उदयपुर सिटी पैसेंजर रतलाम से नीमच के बीच कैंसिल रहेगी। नीमच से उदयपुर सिटी के बीच चलेगी। ✻ 24 मई को जमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी संख्या 19818 जमुना ब्रिज रतलाम एक्सप्रेस नीमच स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। नीमच से रतलाम के बीच कैंसिल रहेगी।

## टेम्पो से 160 किलो डोडाचूरा जप्त

**नाहरगढ़, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने लोडिंग टेम्पो से 160 किलो डोडाचूरा बरामद किया। आरोपी फरार हो गया। मुखबीर की सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने बिल्लोद नाहरगढ़ के बीच नाकाबंदी कर लोडिग टेम्पो (एमपी 14 एलसी 1434) को रोकना चाहा, लेकिन टेम्पो ड्राइवर नाकाबंदी से पहले ही टेम्पो को छोड़कर भाग निकला। तलाशी के दौरान 8 कट्टों में भरा 160 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। अज्ञात टेम्पो ड्राइवर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर पुलिस ने डोडाचूरा व टेम्पो जब्ती में लिया।

### मामला एक्सप्रेस वे पर हुए अश्लील कांड का...

## भाजपा नेता मनोहर धाकड़ पर कसा जा रहा शिकंजा

### समाज पहले ही हटा चुका पद से, एफआईआर के बाद अब राजनीतिक करियर भी दांव पर

**मंदसौर, 23 मई गुरु एक्सप्रेस। एट लेन एक्सप्रेस वे पर भाजपा नेता मनोहर धाकड़ के अश्लील कांड का वीडियो सामने आने के बाद फिलहाल वह किसी को दिखाई नहींदे रहे है। उन्होंने मोबाईल से भी दूरी बना ली है। मतलब बाजार में नजर आना दूर, उनका मोबाईल भी बंद है। इधर पुलिस ने मामले में गंभीरता बरतने के बाद धाकड़ की मुश्किलें और बढ़ गई है। पहले समाज के पद से हटने के बाद सामाजिक कॅरियर पर असर पड़ा तो अब पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसके बाद राजनीतिक कॅरियर भी दाव पर लग गया है।**

भानपुरा टीआई आरसी दांगी न बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जांच में वीडियो 13 मई की रात भानपुरा थाना क्षेत्र का निकला। पुलिस ने मनोहर धाकड़ और एक अन्य व्यक्ति पर धारा 296, 285, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

**पत्नी है जिला पंचायत सदस्य...**

दरअसल मंदसौर विधानसभा के बनी निवासी मनोहर धाकड़ की पत्नी वार्ड क्रमांक- 08 से जिला पंचायत सदस्य है। 13 मई की रात के इस वीडियो में मनोहर धाकड़ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर खड़ी सफेद बलेनो कार में एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। बुधवार से उनका एक अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है। 08 लेन एक्सप्रेस वे पर लगे हाई सिक्योरिटी कैमरे में पूरी घटना कैद हुई है। वीडियो इतना आपत्तिजनक और अश्लील है कि हम न तो आपको वो दिखा सकते हैं और न ही बता सकते हैं। आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद समाज ने भी मनोहर धाकड़ से किनारा कर लिया है। धाकड़ महासभा युवा संघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड के निर्देश पर मनोहर धाकड को धाकड समाज के युवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री पद से कार्यमुक्त कर दिया है।

**भाजपा असमंजस में, कहा हमारा सदस्य नहीं...**

भानपुरा थाने में आरोपी मनोहरलाल धाकड के खिलाफ केस रजिस्टर्ड हुआ है। वहीं अब केस दर्ज होने के बाद भाजपा के लिए तनाव खड़ा हो गया है। तनाव यह है कि कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है। सोशल मीडिया पर भाजपा की बदनामी हो रही है। कांग्रेस भी इस मुद्दे को भुनाने में लगी है। ऐसे में मनोहरलाल को पार्टी से निष्कासित करने का दबाव भाजपा पर है। लेकिन मनोहरलाल धाकड़ की पत्नी सोहन बाई जिला पंचायत में वार्ड आठ से जिला पंचायत सदस्य है। वर्तमान में जिपं का गणित देखे तो 17 में से 09 सदस्य भाजपा के तो 08 कांग्रेस के हैं। अगर मनोहरलाल धाकड़ को पार्टी हटाती है तो जिला पंचायत में भाजपा का गणित गड़बड़ा जाएगा। यही कारण है कि भाजपा के नेता इस मामले में बयानबाजी से भी बच रहे हैं। हालांकि, शुक्रवार शाम को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने बयान जारी कर यह बताया कि मनोहर धाकड़ भाजपा का प्राथमिक सदस्य नहीं है।

**अविश्वास प्रस्ताव के लिए चाहिए एक तिहाई सदस्य...**

जिला पंचायत में 17 सदस्यों में से 09 भाजपा के है। मौजूदा हालात में अगर भाजपा से एक सदस्य जाए तो भी भाजपा के बोर्ड वाली जिपं को कोई खतरा नहीं है। क्योंकि, अविश्वास प्रस्ताव के लिए दो तिहाई बहुमत मतलब 11 से अधिक सदस्य की जरुरत होती है जो कांग्रेस के लिए एकत्र करना मौजूदा हालात में संभव नहीं है।

**क्या है बीएनएस की धारा 296, 285, 3(5)...**

बीएनएस की धारा 296 किसी के साथ गाली गलौज करना, 3 (5) एक से अधिक व्यक्ति मिलकर कोई वारदात करना और 285 से अभिप्राय राह चलते लोगो के लिए खतरा बनना होती है। ऐसे में मनोहर धाकड़ को थाने से नोटिस दे दिया जाएगा और समय पर न्यायालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करेंगे।

**फूटेज सार्वजनिक करने वाले पर कार्यवाही नहीं...!**

जानकारो की माने तो अश्लील कंटेट से संबंधित किसी भी प्रकार की वीडियो क्लिप सार्वजनिक करना भी अपराध है। आईटी एक्ट की कई धाराओ में उस पर भी मामला दर्ज होना चाहिए, जिसने पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराने की बजाय सार्वजनिक कर दिया।




## मौसम : तीन दिन बारिश का अलर्ट

**मंदसौर, 23 मई गुरु एक्सप्रेस।** मप्र के सभी क्षेत्रों में एक साथ प्री-मानसून बारिश दर्ज की गई। यह इस सीजन में पहली बार हुआ है जब पूरा प्रदेश भीगा। पहले केवल भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर और मालवा-निमाड़ में बारिश हो रही थी। जबकि, बुंदेलखंड, ग्वालियर-चंबल और विंध्य में गर्मी थी। गुरुवार को भोपाल समेत प्रमुख शहरों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार से प्री-मानसून गतिविधियों को देखते हुए कई जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। अगले तीन दिन तेज आंधी, बिजली और बारिश की संभावना जताई गई है।

## प्राचीन बावड़ियों को लेकर लापरवाही..!

**बुझा सकती है लाखों लोगों की प्यास, सफाई की औपचारिकता**





**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शिवना नदी से पेयजल लेने और उसकी शुद्दता के लिए करोड़ो रूपएं खर्च किये जा चुके है। काला भाटा बांध तो चंबल योजना जैसी अन्य योजनाओं पर नगर पालिका और राज्य शासन अरबो रुपये खर्च करचुके है। मकसद था कि लोगों की प्यास इन नदियों के पानी से बुझ सके। लेकिन, सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। आज भी शहर के कई इलाके पानी के लिए मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। इधर शहर की प्राचीन बावड़ियां एक समय शहर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाती थी। लेकिन, समय के साथ यह लापरवाही का शिकार बन गई। बावड़ियों की सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही है। यहां से पानी के सप्लाय की कोई योजना ही तैयार नहीं की गई है।

शहर के कुछ चिन्हित कुओं से लोगों को प्यास बुझाने की तैयारी हर साल की जाती है। पर शहर में भरे पड़े पेयजल भंडारों की तरफ वर्षों से नपा का ध्यान ही नहीं है। जहां कुओं और नलकूपों के तलों में जाने की तैयारी भूजल करने लगा है। इन बावड़ियों में मई के दूसरे पखवाड़े में भी भरपूर पानी है। जरूरत इनकी अच्छी सफाई करने की है। अभी भी शहर में पुरातनकाल में बनी 09 बावड़ियां ऐसी हैं जो शहर को पूरी गर्मी पानी पिला सकती है। लगातार गिर रहे जलस्तर के बावजूद अभी तक अधिकारी-जनप्रतिनिधि भाषणों और बैठकों में ही चिंता जाहिर करते हुए नजर आए हैं। बावड़ियों का समुचित रखरखाव किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को सालभर पानी की समस्या से निजात मिल सकती है। गणपति चौक में स्थिति जलेश्वर महादेव की बावड़ी इसका उदाहरण है। इसके अलावा पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित बावड़ी, चंदरपुरा स्थित कला बावड़ी और खानपुरा स्थित भावसारों की बावड़ी भी क्षेत्र के लोगों की प्यास बुझा रही है।

**नहाने से दूर होते थे चर्मरोग...**

नयापुरा रोड स्थित पंथवारी के पीछे स्थित बावड़ी में कुछ सालों पहले चर्म रोग पीडित लोग आकर नहाया करते थे। उनका विश्वास था कि इससे रोग से मुक्ति मिल जाती है। समय के साथ बावड़ी में जाने वाले रास्तों और दीवारों पर भी लोगों ने मकान बना लिए। कचरा बावडी में डाला जाने लगा। अब स्थिति यह हो गई है कि बावडी कचरे में दबती जा रही है। फिर भी उसका जलस्तर इतना अच्छा है कि जरा सी सफाई के बाद नयापुरा रोड, बालागंज व जीवागंज में जलापूर्ति की जा सकती है।

**पानी पर जम गई काई...**

पुलिस लाईन के सामने बसेर कॉलोनी में स्थित बावडी की हालत समय के साथ काफी खराब हो चुकी है। रहवासियों के अनुसार तीन सालों से बावड़ी की सफाई नहीं हो पाई है। स्थिति यह हो गई है कि कचरे के साथ ही पानी के ऊपरी हिस्से पर काई जमने लगी है। सफाई के बाद ब्लीचिंग पावडर से पानी को शुद्ध कर इसमें ऑक्सीजन की मात्रा बराबर की जाए तो इससे क्षेत्र में जलापूर्ति की जा सकती है।

**जाली लगने के बाद कभी नहीं हुई सफाई...**

दयामंदिर टॉकीज के पास गोपालकृष्ण गौशाला मार्केट में स्थित बावडी का भी कोई उपयोग नहीं किया जा रहा। वर्ष 2011 में बावडी के आसपास दीवार बनाकर जाली लगाई गई थी। पर आसपास के लोगों ने इस पर भी कचरा डालना शुरू कर दिया। ऐसे में यहां बावडी के पानी का उपयोग कर पाना मुश्किल है।

## पंचायत सचिवों के होंगे स्थानांतरण

### सरकार एक्शन लेने को तैयार, मंदसौर में भी दिखेगा असर

**भोपाल/मंदसौर, 23 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के कई जिलो सहित मंदसौर जिले में अनेक सचिव लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ है। अब इसको लेकर सरकार एक्शन मोड पर नजर आ रही है। नई ट्रांसफर पॉलिसी में मंदसौर जिले में भी कई सचिवों का इधर से उधर होना तय माना जा रहा है।

इन दिनों तबादलों का दौर चल रहा है। स्थानांतरण की प्रक्रिया मई माह में ही पूरी की जानी है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने प्रदेश की पंचायतों में पदस्थ सचिवों के लिए ट्रांसफर पॉलिसी जारी कर दी है। इसके अंतर्गत पंचायत में कई सालों से पदस्थ सचिवों पर सबसे पहले गाज गिरेगी। ट्रांसफर पॉलिसी के अंतर्गत किसी भी सचिव को पैतृक पंचायत में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। पंचायतों में हर काम में भाई भतीजावाद के सबसे ज्यादा आरोप लगते हैं। जिसे देखते हुए सचिव का उसकी ससुराल की पंचायत में भी तबादला नहीं किया जाएगा।

ट्रांसफर पॉलिसी में सचिवों के अंतर जिला तबादलों के लिए दोनों जिलों के जिला पंचायत सीईओ की एनओसी अनिवार्य की गई है। प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत सचिवों के लिए जारी की गई ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद कलेक्टर द्वारा ये तबादले करेंगे। हालांकि पंचायत सचिवों का तबादला आदेश जिला पंचायत सीईओ द्वारा ही जारी किया जाएगा। सबसे पहले पंचायत में 10 साल से पदस्थ सचिवों को इधर से उधर किया जाएगा।

## महिला को पीटा, ससुर, देवर व जेठ सहित 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** महिला से मारपीट के मामले में ससुर, जेठ, देवर सहित चार के खिलाफ केस दर्ज हुआ पूजा पति स्व. विक्रम बंजारा ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति की 4 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है, उसके बाद मेरे साथ ससुराल में मारपीट की जाती थी, इस कारण पिता के यहां रणायरा रह रही हूं। सुबह 8 बजे मेरे ससुर कमलाशंकर, देवर कैलाश, जेठ रतनलाल व टिडवास निवासी मोहनलाल पिता सीताराम मीणा आए, मुझे जबरन साथ ले जाने लगे, मना किया तो मेरे व मेरे पिताजी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# स्वप्रेरणा से शिवना शुद्धिकरण अभियान से जुड़ रहे है लोग



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के लोकप्रिय व जागरूक विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर 1 मई से शुरू हुआ शिवना शुद्धिकरण अभियान अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। यहां स्वप्रेरणा से प्रतिदिन मंदसौर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग इस अभियान से जुड़कर दो घण्टे श्रमदान कर शिवना के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। 23 मई को इस अभियान के 23 दिन पूर्ण हो गये, इस दिन कड़ी मेहनत से श्रमदानियों ने शिवना नदी से 16 ट्राली जलकुंभी व गंदगी बाहर निकाली।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी का शुद्धिकरण हो यह भाव हर व्यक्ति के मन में है। हर व्यक्ति चाहता है कि शिवना का पानी स्वच्छ और साफ रहे। इसी कारण इस अभियान से जुड़कर वह अपने भावों को परिश्रम के रूप में परिवर्तित कर श्रमदान करने आ रहा है। जिसके परिणाम भी दिखाई देने लगे है। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि विगत दो दिनों से तेज आंधी व हवा से दूर से जलकुंभी बहकर शिवना नदी स्थित छोटी पुलिया के समीप आ गई जिसे श्रमदान कर शिवना नदी से निकाला जा रहा है। शुक्रवार को श्रमदान करने हेतु विधायक विपिन जैन, समाजसेवी महेश दुबे, नरेन्द्र पंवार, मनीष भावसार, हेमराज खाबिया, एम्ब्रोज अल्टर, सुधांशु भावसार, नितनेश बसेर, अभिषेक तिवारी, रामलाल मालवीय, चन्द्रेश जैन, रमेश सोनी, अमृत सौलंकी, उमेशसिंह बेस, विजय आनन्द, भंवरलाल प्रजापत, धीरज शुक्ला, कन्हैयालाल रायसिंघानी, कांग्रेसजन डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरूण खिंची, आसीफ छीपा, राजनारायण लाड़, सुनील बसेर, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, राजेश फरक्या, दिलीप देवड़ा, मनोहर नाहटा, योगेश जोशी, विश्वास दुबे, राकेश सेन, अजय सोनी, अशोक राव, कचरमल जटिया, शैलेन्द्र गोस्वामी, मिथुन कटारिया, सादिक गौरी, शिवशंकर सौलंकी, गणपत कुमावत, अकरम खान, कमल नकुम, गगन माली, शैलेष माली, महिला नेत्री सोनाली जैन, मीना चौहान, अनिता भदोरिया, वर्षा दोसरिया, रत्नप्रभा राणावत, मिष्ठा राणावत, चन्द्रकलासिंह भावसार, प्रमिला पंवार, गीताली पोरवाल, मिताली पोरवाल, शैली पोरवाल, दीपा दादवानी, शोभा पंवार, आशा पोरवाल, रानू प्रजापत, निरधारी गांव से दिनेश चन्द्रवंशी, रामबाबू, विष्णु चन्द्रवंशी, लालाराम डाबी, साबाखेड़ा गांव से डॉ. ईश्वरला पाटीदार, विनोद पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार, राकेश पाटीदार, विनोद यादव, भवानीशंकर सुनार्थी, कारूलाल सुनार्थी, निलेश सुनार्थी, श्याम सुनार्थी आदि उपस्थित हुए।

## नपा के द्वारा बड़े नालों की सफाई की

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर स्वास्थ्य समिति सभापति दिपमाला रामेश्वर मकवाना के निर्देश पर नपा परिषद मंदसौर के द्वारा नगर के बडे नालो की सफाई का कार्य किया जा रहा है। मंदसौर के द्वारा नगर के बडे नालो की सफाई का कार्य किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व नपा परिषद बडे नालो की सफाई का कार्य कराती है। इसी के अंतर्गत नपा के द्वारा बडे नालो की सफाई की जा रही है। कल नपा परिषद के द्वारा प्रोकलेन मशीन से लक्ष्मण दरवाजा के समीप बडे नालो की सफाई की गयी। इसी प्रकार बुधवार व गुरूवार को नपा परिषद के पुष्प व राजा गुलाब गेट से लेकर शनि मंदिर तक बडे नाले की सफाई की गयी। नपा का यह कार्य अनवर जारी रहेगा।

## पत्नी को पीटा

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। संगीताबाई बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि ससुराल नापाखेड़ा में मुझसे झगड़ा करने से पिछले एक माह पूर्व पीहर रतन पिपलिया आ गई थी। सुबह 9 बजे पति राजेन्द्र आया और जबरन साथ ले जाने लगा। मना किया तो गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे चेहरे व पीठ पर चोंट आई। पुलिस ने पति पर केस दर्ज किया।





# योग फिटनेस के साथ-साथ दिमाग को भी मोटिवेट करता है-टीआई गर्ग

## दलौदा थाना प्रभारी ने योग शिविर के दौरान बच्चों के साथ किया योग

**दलौदा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग व मंदसौर योगासन स्पोर्टर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन योग प्रशिक्षण शिविर के 12 वे दिन दलोदा के नवनियुक्त थाना प्रभारी मनोज गर्ग भी बच्चों के बीच पहुंचे कार्यक्रम प्रभारी योग प्रशिक्षक महेश कुमावत व खेल विभाग से ब्लॉक समन्वयक प्रियंका प्रजापत द्वारा एसआई का स्वागत किया गया।

थाना प्रभारी ने बच्चों के साथ योगासन भी किया और कहा कि स्वस्थ भारत में फिटनेस का बहुत बड़ा योगदान है, नियमित अपने फिटनेस पर ध्यान दें योगासन और प्राणायाम करें, इंटरनेट का इस्तेमाल कम करे। आपने कहा कि योग से स्किल डेवलप होता है, इंटरनेट पर कुछ नया सर्च करने से अच्छा है आप स्वयं कुछ नया बनाकर समाज को प्रेरित करें आपका दिमाग इंटरनेट की दुनिया से बहुत ज्यादा आगे है इसका सही इस्तेमाल करें योग फिटनेस के साथ-साथ आपके दिमाग को भी बहुत ज्यादा मोटिवेट करता है। यह बहुत खुशी की बात है कि बड़ों से लेकर छोटी उम्र के बच्चों को भी यहां योग सिखाया जा रहा है उन्होंने बच्चों को बताया कि योग वास्तव में फिटनेस और ध्यान दोनों का एक अद्भुत समावेश है, जो हमारे बाहरी और आंतरिक स्वास्थ्य दोनों पर काम करता है। यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे हमारा जीवन अधिक संतुलित और स्वस्थ बनता है।आगे उन्होंने कहा कि दिनचर्या में योग को अपना लेंगे तो स्वस्थ समाज, जागरूक समाज, स्वस्थ राष्ट्र निर्माण करेंगे। उन्होंने पुलिस का भी संक्षिप्त परिचय भी दिया और यह भी बताया कि कैसे एक युवा आम नागरिक समाज में रहकर भी घटनाओं को रोक सकता है और पुलिस की मदद कर सकता है। थाना प्रभारी ने बच्चों से कहा की अगर आप अच्छा काम करते हैं तो पुलिस से डरने की जरूरत नहीं पुलिस हमेशा आपकी मदद करती है, अपने आसपास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट पुलिस को कर करना चाहिए। इस अवसर पर खेल विभाग से ब्लॉक समन्वयक प्रियंका प्रजापत, समिति के मुकेश पाठक,चीकू उपाध्याय आदि भी उपस्थित रहे। योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेश कुमावत द्वारा यहां प्रतिदिन बच्चोंको निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# देवनारायण मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश यात्रा सम्पन्न

**मनासा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कंजार्डा समीप गांव चौकडी में बालाजी एवं देवनारायण मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य कलश यात्रा संपन्न हुई। शुक्रवार को सुबह 10 से गांव चौकडी मे बालाजी एवं देवनारायण मंदिर मे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव मेंढोल ढमाके बैंड बाजो के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा में धर्म ध्वजा के साथ महिलाए बडी संख्या में कलशयात्रा शामिल थी।कलश यात्रा गांव बरखेड़ा, चौकडी मध्य,कुलथाना खुर्द यज्ञ शाला पहुची। जहाँ मंत्रोचार से पंडित आचार्य श्री नागेश शर्मा ने कलश यात्रा की पूजा अर्चना की तथा पंच कुण्डीय महायज्ञ मे आहुतियो के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ। वही गांव चौकडी मे प्रसिद्ध चमत्कारी कलाजी महाराज मंदिर प्रागंण मे स्थित शिवपरिवार एवं कलाजी



राठौड बाबूजी राठौड,देवल माताजी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चौकडी, पनघट महादेव मंदिर से भव्य कलशयात्रा बेंड बाजो ढोल ढमाकों व डीजे के साथ धर्म ध्वजाओ के साथ कलाजी महाराज मंदिर पहुची। जहाँ बडी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा मे शामिल होकर कलश यात्रा का वेद मंत्रो से पूजा की गयी। और इस अवसर पर पंच कुण्डीय महायज्ञ शुरू हुआ। जिसमे बडी संख्या में आमजन,महिलाओं, पुरूषों ने शामिल होकर सहभागिता निभाई। इस यज्ञ की पूर्णाहूति 25 मई को महाप्रसादी पंगत भोजन के साथ होगी। पठार विकास समीति ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए संयोजक मदनबंधु एडवोकेट, पूर्व सरपंच प्रेमचंद बंधु,सरपंच घनश्याम मेघवाल, रामप्रसाद राठौर, बाबुलाल धाकड,नाथूलाल पटेल, ने सभी ग्रामवासियों, क्षैत्रवासियो से यज्ञ मे शामिल होकर तनमन ,धन से सहयोगकी अपील की है।



## एक जिला एक औषधी उत्पाद अश्वगंधा पर विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला आयुष अधिकारी नीमच डॉ.आशीष बोरना के निर्देशन में एक जिला एक औषधी उत्पाद अश्वगंधा के प्रचार-प्रसार, अभिसरण की विभागीय योजना एवं औषधी पौधों के कृषि संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक संस्करण विपणन आदि विषयों पर आधारित एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन दलपतपुरा ग्राम पंचायत भवन नलखेड़ा एवं ग्राम पंचायत भवन धामनिया में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग एवं आयुष विभाग नीमच के संयुक्त समन्वय से संपन्न हुआ। नीमच में उद्यानिकी विभाग के मास्टर ट्रेनर श्री संदीप कुमार प्रजापत , श्री सुनील पाटीदार एवं आयुष विभाग नीमच से डॉ.बादर सिंह वास्केल, डॉ.पंकज कुमार पाटीदार, श्रीमती भावना माली, श्री जितेन्द्र खमोरिया, श्री सुरेश बुंदेला, डॉ.विवेक शर्मा, डॉ.मदनलाल पाटीदार ,श्री शैलेन्द्र पाटीदार तथा जावद में उद्यानिकी विभाग से श्री कमलेश चौहान,कुमारी आरती शर्मा डॉ.नरसिंह चौहान, डॉ.निकिता बघेल,श्री हरीश दास बैरागी,श्री विनीत सोनी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ऑनलाइन शपथ दिलाई

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तर पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 23 मई 25 को दोपहर 12:00 बजे सामूहिक शपथ माननीय उपमुख्यमंत्री जी मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन लिंक के माध्यम से दिलाई गई। मंदसौर जिला मुख्यालय से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस जी सूर्यवंशी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ एम एल कश्यप एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# टीम एवीएस द्वारा नि:शुल्क योग शिविर का शुभारम्भ



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** टीम एवीएस के कार्य के चौथे बिंदु स्वास्थ्य और पांचवे बिंदु योगासन को जमीनी स्तर पर कार्य को परिणाम कारी बनाने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क योगा क्लास का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। जिसमे दशपुर भावसार समाज ने नि:शुल्क स्थान उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान किया है। इस हेतु इस ग्रीष्कालीन नि:शुल्क योगा क्लास टीम एवीएस और दशपुर भावसार समाज के संयुक्त प्रयास और उज्जैन से प्रशिक्षित योग शिक्षिका आस्था भावसार के सहयोग से संचालित होगी। उक्त जानकारी देते हुए टीम एवीएस के नगर मीडिया प्रभारी सुधांशु भावसार ने बताया कि नि:शुल्क योगा क्लास का विधिवत शुभारंभ आज किया गया। शिविर स्थान - श्री सत्यनारायण मंदिर (भावसार समाज) खानपुरा मन्दसौर रहेगा। टीम एवीएस और दशपुर भावसार समाज के संयुक्त संयोजन से आज नि:शुल्क योग शिविर शुभारंभ के अवसर पर अतिथि के रूप में योग गुरु बंसीलाल टांक , टीम एवीएस के जिला संरक्षक मार्गदर्शक समाजसेवी प्रवीण मिंडा, दशपुर भावसार समाज कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गंगपारा, पार्षद तथा समाज सेवी श्रीमती सुनीता भावसार और योग शिक्षिका आस्था भावसार उपस्थित हुए तथा सबने मिलकर भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की।

अतिथि स्वागत के लिए योग गुरु बंशीलाल टांक को शाल श्रीफल से ओम प्रकाश गंगपारा द्वारा किया गया। प्रवीण मिंडा का स्वागत अशोक भावसार ने किया, श्री मति सुनीता भावसार का स्वागत योग शिक्षार्थी श्री मति मंगला भावसार ने किया और इस शिविर की योग शिक्षिका आस्था भावसार का स्वागत सबसे छोटी योग शिक्षार्थी बहिन इशिका भावसार ने किया। संचालन और नि:शुल्क योग शिविर का उद्देश्य टीम एवीएस संस्थापक मनीष भावसार ने किया। आभार मितेश भावसार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग शिक्षार्थी पार्षद माया भावसार, मंगला भावसार हेतल भावसार हरण भावसार लीला भावसार मीत भावसार किंजल भावसार , तमन्ना परमार, इसीका भावसार जज भावसार मीनाक्षी चौहान, राधिका भावसार, यतिका, निकिता खुशी सोलंकी, मिताश सुरागी , मानवी, राजश्री भावसार, मोनिका, कनक आदित्य, लक्षित भावसार, रुद्र बैरागी , साक्षी भावसार उपस्थित थे। इसके पश्चात योग गुरु बंशीलाल जी टांक ने योग और प्राणायाम का परिचय देते हुए और करते हुए उसकी सही स्थिति के बारे में जानकारी दी और यह भी बताया कि गलत करने के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैहा। और योग की कई स्थितियों को सही तरीके से कर जनता को लाभान्वित किया। और यह महत्वपूर्ण जानकारी टीम अतड नगर सह मीडिया प्रभारी सुधांशु भावसार द्वारा दी गई।

## पिता-पुत्री को पीटा, दम्पत्ति सहित 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिता-पुत्री के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति सहित तीन पर केस दर्ज किया। काचरिया कदमाला निवासी कैलाश पिता नाथूलाल बागरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बिजली लेने के लिए मैं घर तक वायर ले जा रहा था, इसी दौरान रोडूलाल बागरी व उसकी पत्नी रामकन्याबाई बागरी व बुलाकबाई बागरी ने मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी बेटी सपना को भी पीटा। जिससे चोंट आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

## बालाजी मंदिर से गौशाला तक निकाली कलशयात्रा

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बरखेड़ापंथ में श्री राधेकृष्ण गौशाला में नव निर्मित श्री सांवलिया सेठ मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा, कलश व ध्वजा स्थापना महोत्सव के तहत जारी सात दिनी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बरखेड़ापंथ बालाजी मंदिर से कलशयात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व धर्मप्रेमी शामिल हुए। गांव में भ्रमण के बाद कलशयात्रा श्री सांवलिया सेठ मंदिर पहुंची।

# जिले में खरीफ के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

## कलेक्टर ने किया जैतपुरा में उर्वरक गोदाम सह नगद विक्रय केंद्र का निरीक्षण, किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को नीमच के समीपस्थ विपणन संघ के खाद गोदाम एवं किसानों को नगदी में उर्वरक विक्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और खाद गोदाम सह नगदी उर्वरक विक्रय केंद्र पर आने वाले किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया, शेड, बैठने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद गोदामों को सुविधाजनक बनाने के लिए खाद गोदाम के विक्रय केंद्र के बाहर किसानों की समुचित बैठक व्यवस्था व छाया के लिए शेड निर्माण, पेयजल की व्येवस्था व गोदाम की बाउण्ड्रीवाल निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश भी गोदाम प्रभारी को दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने उर्वरक गोदाम के निरीक्षण दौरान गोदाम की क्षमता, उपलब्ध उर्वरक स्टाक, नगदी में किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से उर्वरक विक्रय की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी ली। इस निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री बी.एस.अर्गल, डी.एम.ओ.श्री मनीष नागोरे व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीएमओ श्री मनीष नागौरे ने अवगत कराया, कि जेतपुरा गोदाम में उर्वरक भण्डारण क्षमता 1200 मीट्रिक टन है। वर्तमान में 800 मिट्रीक टन उर्वरक का भण्डारण जेतपुरा गोदाम में है। कलेक्टर ने गोदाम में भण्डारित उर्वरक स्टाक का अवलोकन भी किया। निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने जिले में खरीफ 2025 में उर्वरक की मांग, अब तक वितरण, वर्तमान में उपलब्धता आदि की जानकारी ली। उप संचालक कृषि श्री अर्गल ने अवगत कराया, कि जिले में खरीफ 2025 में कुल 55200 मिट्रीक टन उर्वरक की मांग सम्भाचवित है। इनमें यूरिया 22000 मिट्रीक टन, डीएपी 6000 मिट्रीक टन, ,एमओपी 750 मिट्रीक टन, एनपीकेएस 10450 मिट्रीक टन, एवं एसएसपी 16000 मिट्रीक टन, उर्वरक की मांग खरीफ 2025 से में संभावित है। जिले में इस खरीफ सीजन के लिए एक अप्रैल 2025 से अबतक 3930.806 मिट्रीक टन उर्वरक का उठाव हो चुका है। इसमें यूरिया 391 मिट्रीक टन, डीएमपी 59.350 मिट्रीक टन, एमओपी 14.600, एनपीकेएस 53.500 एवं एसएसपी 141.800 मिट्रीक टन उर्वरक का उठाव हो चुका हैं।

**जिले में 26347.68 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध**–उप संचालक कृषि नीमच श्री अर्गल ने बताया, कि नीमच जिले में वर्तमान में 26 हजार 347 मिट्रीक टन से अधिक उर्वरक की उपलब्धता है। इसमें यूरिया 7853, डीएपी 4074, एमओपी 1132, एनपीकेएस 5839, मिट्रीक टन एवं एसएसपी 7448 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है। जिले में खरीफ 2025 के लिए पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रकार के उर्वरक उपलब्ध होकर गोदामों में भण्डारित हैं। किसान अपनी आवश्यकतानुसार सहकारी समितियों अथवा नगद उर्वरक विक्रय केंद्रों से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने कृषि विभाग व अन्य संबंधित विभागों, समितियों के प्रबंधकों को निर्देश दिए है, कि वे किसानों को यूरिया के विकल्प के रूप में एनपीकेएस का उपयोग करने तथा नैनो, यूरिया, डीएपी, का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 79 | 5715 | 6400 |
| उडद | 39 | 4800 | 5700 |
| सोयाबीन | 5095 | 3450 | 4370 |
| गैहु | 10194 | 2370 | 2851 |
| चना | 552 | 4980 | 5609 |
| मसुर | 178 | 5715 | 6400 |
| धनिया | 291 | 5681 | 7330 |
| लहसुन | 15000 | 3100 | 9260 |
| मैथी | 960 | 3700 | 5190 |
| मुंगफली | 578 | 4001 | 5111 |
| अलसी | 1789 | 6550 | 7270 |
| सरसो | 329 | 5540 | 6221 |
| तारामीरा | 16 | 5300 | 5324 |
| इसबगोल | 94 | 7300 | 10700 |
| प्याज | 1476 | 200 | 1051 |
| कलोंजी | 27 | 19580 | 20400 |
| तुलसी बीज | 20 | 13881 | 14000 |
| डॉलर | 73 | 6400 | 8210 |
| तिल्ली | 3 | 8001 | 8102 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 18 | 5715 | 6400 |
| चियाबीज | 135 | 11951 | 14400 |


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मंदसौर (म.प्र.) पिन-458001

### *** विज्ञप्ति ***

### राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण जनता को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपखंड मंदसौर के अंतर्गत 1-थाना वाय डी नगर मंदसौर तथा 2-थाना अफजलपुर जिला मंदसौर धारा 25 पुलिस अधिनियम 1861 के अंतर्गत जप्तशुदा वाहनों को राजसात किये गये वाहनों की नीलामी कार्यवाही से पूर्व मूल्य निर्धारण संबंधी प्राधिकारी से करवाई जाने के बाद निर्वतन हेतु सीलबंद निविदाएं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर पर आमंत्रित की जाती है।

राजसात किये गये वाहन निम्न सारणी अनुसार उनके सम्मुख दर्शाये स्थान पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म क्रय/प्राप्त किया जाता तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में दिनांक 04.06.2025 तक शाम 05.00 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर से प्राप्त की जा सकती है।

राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा की पूर्ण पूर्ति के पश्चात इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदाएं दिनांक 04.06.2025 शाम 05.00 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर के कार्यालय में जमा की जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएं ग्राह्य नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएं दूसरे दिन दिनांक 06.06.2025 को दोपहर 02.00 बजे से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर पर उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी, परंतु निविदाताओं की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रक्रिया में बाधक नहीं होगी। वाहनों का निवर्तन आफसेट मूल्य पर जहां है जैसी स्थिति में है के आधार पर किया जावेगा। निविदादाता वाहन का निरीक्षण उनके रखे जाने के स्थान पर जाकर कर सकते है। सफल निविदाता वाहन को उसी स्थान से प्राप्त करेगा। वाहनों का प्रकार एवं उनका आफसेट प्राईज एवं वाहन रखे होने का स्थान आदि जानकारी निम्नानुसार है-

#### 25 पुलिस अधिनियम में जप्त शुदा वाहनों के नीलामी हेतु सूची जिला मंदसौर

| क्रं. | थाना | इस्तगासा नं. व धारा | जप्त वाहन का नाम व नंबर | वाहन पंजीयन वर्ष | वाहन अवलोकन का स्थान | वाहन का निर्धारित आफसेट प्राईज | निर्धारित अर्नेष्टमनी की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वाय डी नगर | 1/24.04.25 की धारा 25 पुलिस एक्ट | हीरो होण्डा सीडी डिलक्स | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 9500 | |
| 2 | | | बजाज प्लेटिना नीले रंग की | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2450 | |
| 3 | | | सुपर स्प्लेण्डर | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2400 | |
| 4 | | | बजाज एक्ससीडी100 | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 3000 | |
| 5 | | | हीरो होण्डा फेशन प्लस | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2450 | |
| 6 | | | टीवीएस स्ट्रीम | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 3400 | |
| 7 | | | होण्डा साईन | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2950 | |
| 8 | | | होण्डा ड्रीम योगा | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2600 | |
| 9 | | | आई स्मार्ट स्प्लेण्डर | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 6500 | |
| 10 | | | बजाज प्लेटिना | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2400 | |
| 11 | | | हीरो फेशन | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2350 | |
| 12 | | | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर (अंदर) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2500 | |
| 13 | | | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर (अंदर) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 8000 | |
| 14 | | | अपाचे काले रंग की | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 10500 | |
| 15 | | | यामाहा (अंदर) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 1900 | |
| 16 | | | बजाज सीटी 100 | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 7000 | |
| 17 | | | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2450 | |
| 18 | | | टीवीएस काले रंग की | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2500 | |
| 19 | | | हीरोहोण्डा स्प्लेण्डर नीले रंग की | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2600 | |
| 20 | | | होण्डा सीडी डाउन (पीछे) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2550 | |
| 21 | | | हीरो होण्डा काले रंग की (पीछे) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2300 | |
| 22 | | | टीवीएस स्पोर्टस (पीछे) | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2600 | |
| 23 | | | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2400 | |
| 24 | | | हीरो सीडी डान | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2700 | |
| 25 | | | बजाज प्लेटिना | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2550 | |
| 26 | | | बजाज सीटी 100 | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2300 | |
| 27 | | | बजाज प्लेटिना | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2400 | |
| 28 | | | यामाहा क्रक्स | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 1900 | |
| 29 | | | सुजुकी | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 2200 | |
| 30 | | | एक्स सीडी 125 | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 3200 | |
| 31 | | | हीरो स्प्लेण्डर | In scrap condition | थाना वायडी नगर | 16500 | |
| 32 | अफजल पुर | 1/23 05.07.23 25 पुलिस अधिनियम | टीवीएस स्पोर्ट | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 3750 | |
| 33 | | | हीरो होण्डा बाईक | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 2360 | |
| 34 | | | राजदूत बाईक | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 2850 | |
| 35 | | | राजदूत बाईक | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 2500 | |
| 36 | | | सुजुकी बाईक | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 1350 | |
| 37 | | | हीरोहोण्डा बाईक ब्लेक कलर | In scrap condition | थाना अफजलपुर | 1850 | |

प्राप्त निविदा में सर्वप्रथम टेण्डर भाग 1 खोलने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने के उपरान्त निविदा भाग दो खोला जायेगा, जिसमें निविदादाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा की जाएगी। निविदा में प्राप्त राशि यदि निर्धारित ऑफसेट प्राईज की राशि से अधिक है तो निविदा आवेदन पत्र स्वीकृत किये जा सकते है। यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट प्राईज की राशि से कम है तो कलेक्टर, जिला मंदसौर स्व विवेक पर पुनः विज्ञप्ति जारी करने हेतु निर्णय ले सकते है। जिन वाहनों हेतु निविदाएं प्राप्त नहीं होगी उनकी पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी। वाहन नीलामी के संबंध में नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंदसौर से किसी भी दिन कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट
सब डिविजन मंदसौर

G-13250/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# केरल में मानसून ने दी दस्तक

## देश भर में बारिश का अलर्ट, 2 दिन इन राज्यों में बरसेंगे बादल



**नई दिल्ली, 23 मई।** देशभर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। भारत के दक्षिणी राज्य में केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। इसी के साथ देश के अन्य राज्यों में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनने लगी है। पूर्व मध्य अरब सागर में दक्षिण कोंकण-गोवा तटों के पास एक कम दाब का क्षेत्र बन गया है। मौसम विभाग के अनुसार, यह कम दाब क्षेत्र उत्तर दिशा में बढ़ेगा और 23 मई 2025 की शाम तक यह एक अवदाब में और तीव्र हो सकता है। इस मौसमी गतिविधि के कारण पश्चिमी तट पर अगले 6-7 दिनों तक मौसम में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकते है। पश्चिमी तट में गुजरात, कोंकण और गोवा, कर्नाटक और केरल शामिल है। अगले 6-7 दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। विशेष रूप से कोंकण और गोवा में 22 से 24 मई तक और तटीय कर्नाटक में 24 मई को अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, मध्य महाराष्ट्र में भी 24 मई को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कोंकण और गोवा में 22 से 24 मई तक अत्यंत भारी बारिश की संभावना है।

**केरल में मानसून का आगमन**–मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि अगले 2-3 दिनों में केरल में मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो सकती हैं। यह भारत में मानसून के आधिकारिक शुरुआत का संकेत है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश की गतिविधियों को और बढ़ाएगा।

**उष्ण लहर और गर्म रातों की चेतावनी**–राजस्थान में 22 से 26 मई तक उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर की स्थिति बनी रह सकती है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पूर्वी राजस्थान में 22 और 23 मई को उष्ण लहर की संभावना है। इसके अलावा, दक्षिण हरियाणा, पंजाब और पश्चिम राजस्थान में 22 से 24 मई तक गर्म रातों की स्थिति भी देखी जा सकती है। पश्चिम राजस्थान में 23 से 25 मई तक धूल भरी आंधी (40-50 किमी/घंटा) की संभावना है।

**दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में मौसम**–दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, विशेष रूप से केरल और कर्नाटक में 22 से 28 मई तक व्यापक हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ बौछारें, बिजली और 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार वाली तेज हवाएं चलने की संभावना है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा और तेलंगाना में अगले 5 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 22 मई को तमिलनाडु, पुडुचेरी और तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है।

**पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में बारिश**–पूर्वोत्तर भारत में अगले 7 दिनों तक व्यापक हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज, बिजली और तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा) संभावित हैं। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 22 से 27 मई तक भारी बारिश की संभावना है। पूर्वी और मध्य भारत में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार में 22 से 26 मई तक बारिश और गरज के साथ बौछारें देखने को मिल सकती है।

**उत्तर-पश्चिम भारत में मौसमी गतिविधियां**–उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 22 से 28 मई तक हल्की से मध्यम बारिश, गरज, बिजली और तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा) संभावित हैं। हिमाचल प्रदेश में 23 और 24 मई को ओलावृष्टि की भी संभावना है।

# केवीआईसी के हनी मिशन में 20 हजार मीट्रिक टन शहद का हुआ उत्पादन

## मधुमक्खी पालकों को 325 करोड़ रुपये की हुई आमदनी, देश में 'हनी मिशन' में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां की वितरीत

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्व मधुमक्खी दिवस-2025 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष का आयोजन थीम – 'प्रकृति से प्रेरित मधुमक्खी, सबके जीवन की पोषक' पर आधारित था, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण 'श्वेत क्रांति से स्वीट क्रांति' के अभियान को सशक्त करता है। इसमें महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों से आए मधुमक्खी पालक लाभार्थी, प्रशिक्षु, वैज्ञानिकों, सफल मधुमक्खी पालकों, विद्यार्थियों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में केवीआईसी की उपलब्धियों को साझा किया गया।यह आयोजन न केवल एक तकनीकी मंच रहा, बल्कि ग्रामीण भारत के नवाचार, प्रेरणा और स्वावलंबन की सजीव मिसाल बना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुश्री रूप राशि की उपस्थिति में किया।

केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने मधुमक्खी दिवस पर आयोजित समारोह में कहा कि 'मधुमक्खियां हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। ये न केवल शहद देती हैं, बल्कि परागण के जरिए हमारी खेती को समृद्ध करती हैं और पर्यावरण का संरक्षण करती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया हनी मिशन आज गांवों की आजीविका का बड़ा आधार बन चुका है। 'उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब स्वीटक्रांति का आह्वान किया, तब उन्होंने एक नया रास्ता दिखाया, जिसमें शहद उत्पादन न केवल आर्थिक समृद्धि का, बल्कि स्वास्थ्य समृद्धि का भी स्रोत बना। उनके नेतृत्व में केवीआईसी ने इस दिशा में जो कार्य किया है, वह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।' केवीआईसी अध्यक्ष ने हनी मिशन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केवीआईसी द्वारा अब तक देशभर में 2,29,409 मधुमक्खी बक्से और मधु कॉलोनियां वितरित की गई हैं। इससे लगभग 20,000 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ है। मधुमक्खी पालकों को इससे लगभग 325 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हनी मिशन से जुड़े मधुमक्खी पालकों ने करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य का शहद विदेश में भी निर्यात किया है।केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हनी मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक समग्र आजीविका मॉडल है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों युवाओं, महिलाओं और किसानों को इस मिशन से रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केवीआईसी द्वारा संचालित हनी प्रोसेसिंग प्लांटस, प्रशिक्षण केंद्र और मार्केटिंग नेटवर्क ने



मधुमक्खी पालन को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया है।' कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने बताया कि मधुमक्खियां केवल शहद उत्पादन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लगभग 75 प्रतिशत खाद्य फसलों का परागण मधुमक्खियों से होता है। मधुमक्खियां यदि न रहें, तो 30 प्रतिशत खाद्य फसलें और 90 प्रतिशत जंगली पौधों की प्रजातियां संकट में आ सकती हैं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित देश के सभी हिस्सों से लाभार्थियों ने डिजिटल रूप से अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, कविता, और निबंध ने कार्यक्रम में जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में केवीआईसी के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा धुधंड़का, गुर्जरबर्डिया एवं दलौदा मंडल में संगोष्ठी सम्पन्न



**दलौदा, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में भाजपा गुर्जरबर्डिया व धुधंडका मंडल एंव दलौदा मंडल में जिला भाजपा के निर्देशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अंतर्गत संगोष्ठी सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता धुधंडका एंव गुर्जरबर्डिया मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, दलौदा मंडल में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत रहें, दोनो मंडल में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, कार्यक्रम जिला संयोजक राजेश पालीवाल, मंडल अध्यक्ष क्रमशः विकास सुराना, भेरूलाल सेन, विनय दुबेला सहित वरिष्ठजन मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी अहिल्या बाई होल्कर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंडल पदाधिकारीयों द्वारा मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया।

धुधंडका एंव गुर्जरबर्डिया मंडल की सामुहिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की देवी अहिल्या माता, जिन्हें अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाता है, उनका जन्म 31 मई 1725 ईस्वी को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौड़ी गाँव में हुआ था। उनके पिता मान्कोजी शिंदे एक साधारण व्यक्तित्व के थे, जिन्होंने अपनी पुत्री को आगे बढ़ने की शिक्षा दी। अहिल्याबाई ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया और मराठा साम्राज्य में अभूतपूर्व योगदान दिया। अहिल्याबाई का विवाह 8 वर्ष की आयु में खांडेराव होल्कर के साथ हुआ, जो इंदौर के संस्थापक मल्हारराव होल्कर के पुत्र थे। उनके दो बच्चे थे, मालेराव और मुक्ताबाई। अहिल्याबाई ने अपने जीवन में कई परेशानियों का सामना किया, जिसमें उनके पति और पुत्र की मृत्यु भी शामिल थी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और राज्य की बागडोर संभाली। अहिल्याबाई ने अपने ससुर मल्हारराव होल्कर की मृत्यु के बाद राज्य की बागडोर संभाली और शांति और सुरक्षा की स्थापना की। अहिल्याबाई ने कई मंदिरों का निर्माण करवाया, जिनमें बनारस में अन्नपूर्णा माता का मंदिर, गयाजी में भगवान विष्णु जी का मंदिर और काशी में विश्वनाथ मंदिर शामिल हैं। सड़कों और धर्मशालाओं का निर्माणरू अहिल्याबाई ने कई सड़कों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया, जिससे यात्रियों और व्यापारियों को सुविधा हुई। भाजपा दलौदा मंडल में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वक्ता अनिल कियावत ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने कम उम्र में एक महारानी के दायित्व का निर्वहन किया साथ ही देवी अहिल्या बाई इंदौर की महारानी थी हिन्दू धर्म के तीर्थों को उन्होंने बढ़ावा दिया और देवी के जो सिद्धांत थे आज भी भारतीय जनता पार्टी उन सिद्धांतों पर चल रही है।

मंडल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि महारानी देवी अहिल्याबाई होल्कर का मंदसौर जिले के भानपुरा से भी संबंध रहा है आपने भानपुरा की विरासत को संभाला साथ ही आज भी भानपुरा को रानी अहिल्या बाई होल्कर की छतरी के नाम से जाना जाता है। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने नारी शक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में कई कार्य प्रारंभ किये थे। जिनका अनुसरण करते हुए आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के कई निर्णय लिये जा रहे है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदुर की सफलता का श्रेय भारतीय सेना के साथ दो भारतीय नारी के रूप में शक्ति स्वरूपा सोफिया कुरेशी एंव व्योमिकासिंह को दिया गया है। मेरा आप सभी से आग्रह है की हम सब देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को आत्मसात कर देश और समाज हित में अपना सर्वस्य न्यौछावर कर दे। गुर्जरबर्डिया एंव दलौदा मंडल में संगोष्ठी में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन एंव विकास सुराना ने रानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंति अंतर्गत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। गुर्जरबर्डिया मंडल संगोष्ठी में रामेश्वर धाकड, हरिसिंह चावडा, जीवन शर्मा, नागुलाल पटेल, दशरथ जाट, कुसुम नागर, भारती माली, हिरालाल मालवीय, पुष्कर बैरागी सहित मंडल पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। दलौदा मंडल संगोष्ठी में भाजपा नेता फतेहसिंह आंजना, नंदकिशोर माली, जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत धनोतिया, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, कांता बाई ग्वाला, विमला धनौरा, जगदीश शर्मा, विजय तातेड, अनिल कैथवास, प्रदीप ठन्ना, कालुसिंह पंवार, विमला धनोरा, सुमित्रा सेन, गोविंदसिंह, जगदीश कुमावत, ईश्वरलाल मीणा, सुरेश मीणा, किशनलाल विश्वकर्मा, चन्द्रशेखर जैन सहित भाजपा पदाधिकारी गण कार्यकर्तागण उपस्थित थे। गुर्जरबर्डिया एंव धुधंडका में मंडल संगोष्ठी का संचालन मंडल महामंत्री पुष्कर बैरागी ने किया एंव आभार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुसुम नागर ने किया। साथ ही दलौदा मंडल में मंडल संगोष्ठी का संचालन मंडल महामंत्री गजेन्द्रसिंह सिसोदिया ने किया एंव आभार कांताबाई ग्वाला ने माना।।

# टीम एवीएस दलौदा तहसील कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पांच बिंदु धर्म, पर्यावरण, मदद , स्वास्थ्य, योगासन पर कार्य करने वाली टीम एवीएस अपना विस्तार करते हुए दलौदा तहसील कार्यकारिणी की घोषणा जिला संयोजक गोविंद शर्मा अमलावद और जिला अध्यक्ष सुरेश बैरागी अघोरिया की सहमति से संस्थापक मनीष भावसार द्वारा की गई। जिसमें संरक्षक पद पर राधेश्याम बैरागी करजू, भगवती विश्वकर्मा नंदावता , दिनेश पाटीदार आकोदड़ा, मार्गदर्शक कमलेश सोनी नंदावता, हरिशंकर धाकड़ बड़वन, रघुवीर सिंह सिसोदिया लामगरा, श्याम सोनी करजू, दिनेश पाटीदार आचार्य आकोदडा, परामर्शदाता के रूप में शिवकुमार लोहार करजू, राम सिंह वाघेला बानी खेड़ी, कंवरलाल मालवीय राकोदा, डॉक्टर ईश्वर कारपेंटर लालाखेड़ा, संयोजक पुष्कर व्यास राकोदा, सह संयोजक सुनील पाटीदार आकोदडा, कालूराम शर्मा पटेला, राजेश धाकड़ बड़वन, मनीष कुमावत नांदवेल , गोपाल सोनी दलोदा, धर्मेंद्र शर्मा भाऊाड अध्यक्ष के रूप में महेश भावसार भाऊाड उपाध्यक्ष श्याम सेन नंदावता, महेश पाटीदार नंदावता, रामगोपाल पाटीदार पटेला, महेश धाकड़ बनी, धर्मेंद्र पाटीदार एलची, जुझार वर्मा दलोदा, दिनेश भटेवर भाऊाढ, सचिव के रूप में परसराम राठौर करना खेडी , सह सचिव जसपाल चौधरी सरसोद, कृष्णपाल सिंह सिसोदिया पालिया लालमुहा, रमेश जी नांदवेल, कोषाध्यक्ष के रूप में हरीश सेन आकोदडा, सह कोषाध्यक्ष अशोक पाटीदार राकोदा, कन्हैया लाल गोयल निम्बोद, समन्वयक के रूप में ओमप्रकाश पाटीदार आकोदडा, मीडिया प्रभारी प्रमोद पाटीदार ,सहमीडिया प्रभारी रोहित लोहार, हनीसिंह राजपूत दलौदा निम्बोद, संगठन मंत्री के रूप में भागीरथ कुमावत पालसोड़ा धार्मिक कार्य संयोजक राकेश टांक नांदवेल, पर्यावरण कार्य संयोजक मांगीलाल कुमावत सेमलिया हीरा, मदद कार्य संयोजक सुरेश वरेडीया नांदवेल, स्वास्थ्य कार्य संयोजक रामप्रसाद कुमावत निम्बोद को लिया गया। उक्त जानकारी टीम एवीएस जिला सह मीडिया प्रभारी मितेश भावसार द्वारा दी गई।

## मां-बेटे को पीटा, पिता-पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मां-बेटे के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। जेतपुरा निवासी गोपीबाई पति समरथ पाटीदार ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा देवर गोवर्धन व उसका लड़का कृष्णपाल घर पर आए और बोले कि तुम्हारा बेटा हमारे खेत पर पेड़ से केरी लेकर क्यों आया। मैंने कहा कि खेत में हमारा भी हिस्सा है तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच बचाव करने आए मेरे बेटे जीवन के साथ भी दोनों ने मारपीट की। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

**रास्ता रोककर लकडी से पीटा, केस दर्ज**–रास्ता रोककर मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। छायन निवासी हीरालाल पिता पृथ्वीराज माली ने नारायणगढ़ थाने पर शिकयत दर्ज कराई कि मैं खेत से घर जा रहा था, इसी दौरान पारली निवासी राधेश्याम पिता मगनलाल मीणा मिला और बोला मेरे भतीजे से गाली-गलौज क्यों की। मैंने मना किया तो राधेश्याम ने मारपीट की व लकड़ी से सिर पर मार दी। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने राधेश्याम के खिलाफ केस दर्ज किया।

## अल्कोलाइड कारखाना परिसर के उपर का हवाई क्षेत्र नो ड्रोन झोन घोषित

**नीमच, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री हिमांशु चंद्रा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)के तहत शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच म.प्र.(GOAW) परिसर के उपर के हवाई क्षेत्र को नो ड्रोन झोन घोषित कर प्रतिबंधात्म क आादेश जारी किया गया है यह आदेश तत्का ल प्रभाव से 20 मई से 18 जुलाई 2025 तक दो माह तक प्रभावशील रहेगा।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंदसौर की नाग देवता की बावड़ी पर श्रमदान किया

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जल एक सीमित और बहुमूल्य संसाधन है जो पृथ्वी पर सभी जीवन को बनाए रखता है। बढ़ती वैश्विक आबादी और मौसम के पैटर्न पर जलवायु परिवर्तन के चल रहे प्रभाव के साथ, पानी की कमी एक बढ़ती हुई चिंता बन गई है। इस चुनौती के जवाब में, जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरा है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावड़ी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढ़ावा देना है। ईसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में शामिल करने का लक्ष्य रखा है।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत म.प्र. जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नाग देवता की बावड़ी नगर पालिका मंदसौर वार्ड क्रमांक 12 में स्वच्छता एवं सफाई अभियान में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान किया गया। उक्त श्रमदान कार्यक्रम में पार्षद, म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी छात्र, नगर विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि, कॉलोनीवासीयों की सहभागिता रही।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश हेतु 31 तक करें ऑनलाईन आवेदन

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आईटीआई प्राचार्य श्री मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि शासकीय आईटीआई नयाखेड़ा मंदसौर, गरोठ, शामगढ़, मल्हारगढ़, भानपुरा एवं सीतामऊ में इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मोटर मेकेनिक, वेल्डर, कोपा, ड्राफ्टस मैन सिविल, हिंदी स्टेनो, सोलर टेक्नीशियन ट्रेड में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 1 मई 25 से प्रारंभ हो चुके है। आवेदन हेतु https://mpiticounseling. co.in/ पर विजिट करे। प्रवेश संबंधित अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई नयाखेड़ा मंदसौर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता 10 वी है।


### ✻ उठावना ✻



स्वर्गीय श्री शिवनारायणजी घाटिया की धर्मपत्नी, स्व. श्री गोर्धनलालजी, श्रीनिवासजी, कैलाशचंद्रजी की भाभीजी , एवं राजेंद्र कुमार घाटिया की माताजी, अर्पित, प्रतीक एवं प्रियांशु की दादीजी श्रीमती कौशल्या देवी घाटिया का स्वर्गवास आज दिनांक 23.05.2025 शुक्रवार को हो गया है, जिनका उठावना दिनांक 24.05 2025 शनिवार को दोपहर 1 बजे कुमावत धर्मशाला राम टेकरी पर होगा।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
राजेंद्र कुमार घाटिया (सीतामऊ वाला) बी 06, नाकोड़ा नगर रामटेकरी, मंदसौर

### ✻ नाम परिवर्तन संबंधी जाहिर सूचना ✻

मैं आरती गेहलोत पति हर्षित सिंह गहलोत (AARTI GEHLOT W/O HARSHIT SINGH GEHLOT) निवासी 665-एफ टाइप, गांधीसागर नम्बर 3 तह. भानपुरा, जिला- मंदसौर सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम सूचित करती हूं कि मेरा वोटर आईडी कार्ड में आरती डोरस पति हर्षित सिंह गेहलोत तथा अंक सूची में आरती डोरस दर्ज है जो सही है। किन्तु मेरे आधार कार्ड व समग्र आईडी में आरती गेहलोत पति हर्षित सिंह गहलोत नाम गलत अंकित हो गया है। उसके स्थान पर परिवर्तित करके आरती डोरस पति हर्षित सिंह गेहलोत (AARTI DORAS W/O HARSHIT SINGH GEHLOT) है। आज दिनांक से भविष्य में मेरा नाम आरती डोरस पति हर्षित सिंह गेहलोत (AARTI DORAS W/O HARSHIT SINGH GEHLOT) के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जावे एवं आधार कार्ड में एवं अन्य दस्तावेजो में सही नाम अंकित किया जाए।

पुराना नाम व हस्ताक्षर
आरती गेहलोत पति हर्षित सिंह गेहलोत

नया नाम व हस्ताक्षर
आरती डोरस पति हर्षित गेहलोत निवासी - 665- एफ टाइप, गांधीसागर नम्बर 03 तहसील- भानपुरा, जिला- मंदसौर

### इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

# डॉ. परीक्षित शर्मा

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 मई को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 मई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं- ✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


# दशपुर मण्डी व्यापारी संघ के चुनाव आज

### 15 पदों के लिये 23 उम्मीदवार मैदान में



**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर मण्डी व्यापारी संघ, मंदसौर के नवीन पदाधिकारियों हेतु निर्वाचन हेतु चुनाव आज 24 मई, शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दशपुर मण्डी व्यापारी संघ के कार्यालय पर सम्पन्न होंगे। कुल 15 पदों हेतु 23 उम्मीदवार खड़े हुए है। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट नवीन कुमार जैन (कोठारी) ने बताया कि दशपुर मण्डी व्यापारी संघ के आगामी दो वर्ष हेतु अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री व 9 कार्यकारिणी सदस्यों हेतु आज द्वन्ञ्न्थनिवार को प्रातः 9 से दोप. 2.30 बजे तक मतदान होगा। तथा दोप. 3.30 बजे से मतगणना की जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु श्री मनीष सेठी (आई.सी.) व श्री मनोज कुमार जैन (पप्पू) लदूना), दो उपाध्यक्ष पद हेतु श्री जितेन्द्र अग्रवाल (जीतू), श्री कन्हैयालाल कुमावत (पन्नालाल उदयराम), श्री संजय मित्तल (बबलू) अनिल गार्लिक), कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री ब्रजेश गर्ग (सूरज चाचा), श्री सत्यनारायण खण्डेलवाल (आर.एस.), महामंत्री पद हेतु श्री अंकुर व्यास, श्री नरेन्द्र जैन (अन्ना), मंत्री पद हेतु श्री पंकज पारख (छगन भाई), श्री योगेश भट्ट (एन.एस.) उम्मीदवार है। वहीं नो कार्यकारिणी सदस्य हेतु श्री अरविन्द जैन (माणक, अरविन्द), श्री अरविन्द रत्नावत, श्री अशोक कुमार मित्तल (ए.पी.), श्री बबलु कुमावत (संदीप, बबलू), श्री दीपक कोठारी, श्री गजेन्द्र कुमार नाहर, श्री गौरव जैन (यश राज), श्री जयकुमार बड़जात्या (यू.एच.), श्री कमलेश कोटवानी, श्री नवीन कुमार जैन (छिंगावत), श्री पूरनमल कुमावत, श्री विकास कुमार जैन (गम्पु) मैदान में है। श्री जैन ने बताया कि मतदान व मतगणना हेतु सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। मतदाताओं की सुविधा हेतु 7 मतदान केन्द्र बनाये गये है। सभी मतदाताओं से निवेदन किया है कि निर्धारित समय पर अपने आई.डी. प्रुफ के साथ उपस्थित होकर अवश्य मतदान करें।

## समग्र पोर्टल 22 से 26 मई तक अस्थाई रूप से रहेगा बंद

**मंदसौर, 13 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं इससे संबंधित समस्त एप्लिकेशंस (Samagra / SPR / BPL / Web Services) के लिए सर्वर संधारण एवं सुधार कार्य किया जाना है। मेंटेनेंस गतिविधियों के लिए समग्र पोर्टल को दिनांक 22 मई शाम 7 बजे से लेकर 26 मई 2025 प्रातः 8 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वर मेंटेनेंस के बाद समग्र एप्लिकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को समग्र एप्लिकेशन सॉफ्टवेर से और बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।


# कार्यालय जनपद पंचायत मल्हारगढ़, जिला मंदसौर

क्रं./मनरेगा/लेखा/2025/902 मल्हारगढ़, दिनांक-23.05.2025

## ✻✻ किराये पर वाहन हेतु ✻✻

जनपद पंचायत मल्हारगढ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम म.प्र. के सुचारु संचालन एवं विभिन्न निर्माण कार्यो की सतत निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग हेतु एक डीजल जीप ( बोलेरो, मार्शल, आदि) मय ड्राईवर टेक्सी परमिट सहित की आवश्यकता है। जो मासिक किराये पर लिया जावेगा। वाहन अधिकतम 02 वर्ष से अधिक पुराना नही लिया जावेगा।

इच्छुक निविदाकर्तागण दिनांक 30.05.2025 को अपराहन 03 बजे तक निविदा प्रपत्र जनपद पंचायत मल्हारगढ में जमा करा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 30.05.2025 को जनपद पंचायत मल्हारगढ में सायं 05 बजे खोली जावेगी ।

निविदा संबंधी विस्तृत शर्तो का अवलोकन जनपद पंचायत मल्हारगढ में कार्यालयीन समय (अवकाश को छोडकर) में किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जनपद पंचायत मल्हारगढ़


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in